**प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को आवंटित किया गया अनुदान**

2370. **श्री मुनव्वर हसन** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री रोजगार योजना (पी.एम.आर.वाई.) के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को जिला-वार कितना अनुदान आबंटित किया गया हैं;

(ख) इन अनुदानों से कितने युवा लाभान्वित हुए हैं; और

(ग) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए निधि संग्रह में वृद्धि करने हेतु क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

**उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त)** : (क) से (ग) प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार राज्यों के लिए भौतिक लक्ष्य आवंटित करती हैं ताकि अति लघु उद्यम स्थापित करने में बेरोजगार शिक्षित युवकों की सहायता की जा सकें। राज्य सरकारें फिर

अपने जिलों में जिला-वार लक्ष्य आबंटित करती है। केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों को उनके संबंधित राज्यों में योजना की प्रगति के अनुसार प्रशिक्षण और संचालनात्मक प्रयोजनों, इत्यादि के लिए निधियां प्रदान करती हैं। योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार को वर्ष 1996-97, 1997-98 और 14998-99 (11 दिसम्बर, 1998 तक में जारी की गई निधियां क्रमश: 260.40

लाख रू. 368.95 लाख रूपये 270.51 लाख रूपये (11 दिसम्बर, 1998 तक हैं) उत्तर प्रदेश राज्य के लिए वर्ष 1996-97, 1997-98 और 1998-99 (अक्तूबर 1998 तक) के जिलावार भौतिक लक्ष्य और उपलब्धियां (बैंकों द्वारा स्वीकृतियों और संवितरण) क्रमश: विवरण I, विवरण II और विवरण III में दी गई हैं। (नीचे देखिए)

प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत, 1 लाख रूपये की लागत वाली अलग-अलग परियोजनाओं के वित्तीय पैटर्न इस प्रकार हैं:-

**विवरण**

**वर्ष 1996-97 हेतु उत्तर प्रदेश में शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना की प्रगति**

राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार

| **क्रम संख्या** | **जिले का नाम** | 1996-97 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **लक्ष्य (संख्या)** | **बैंकों द्वारा स्वीकृत (संख्या)** | **बैक द्वारा वितरित (संख्या)** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | आगर | 677 | 730 | 576 |
| 2. | अलीगढ़ | 779 | 890 | 737 |
| 3. | एटा | 575 | 652 | 568 |
| 4. | मथुरा | 495 | 602 | 524 |
| 5. | मेनपुरी | 350 | 368 | 278 |
| 6. | फिरोजाबाद | 393 | 406 | 323 |
| 7. | इलाहाबाद | 1211 | 1212 | 941 |
| 8. | फतेहपुर | 505 | 508 | 382 |
| 9. | प्रतापगढ़ | 544 | 563 | 353 |
| 10. | आजमगढ़ | 589 | 589 | 527 |